### विश्वविद्यालय में सोलर प्रोजेक्ट का लोकार्पण किया

# राज्यपाल ने कहा, शिक्षकों का सम्मान स्वस्थ परम्परा है –आजादी के मतवाले प्रदर्शनी का किया अवलोकन

जयपुर, 5 सितम्बर। राज्यपाल श्री हरिभाऊ बागडे ने कहा कि शिक्षक विद्यार्थी के जीवन को गढ़ते हैं। वे उन्हें संस्कारित कर सुनागरिक बनाते हैं। इसलिए शिक्षक समाज में वंदनीय है। उन्होंने कहा कि शिक्षकों का सम्मान स्वस्थ परम्परा है। शिक्षक बच्चों के भविष्य का निर्माण करते हैं।

श्री बागडे गुरूवार को शिक्षक दिवस के अवसर पर राजस्थान केन्द्रीय विश्वविद्यालय बान्दर सिन्दरी किशनगढ़ में आयोजित टीचर एक्सीलेंस अवार्ड सेरेमनी के दौरान संबोधित कर रहे थे। उन्होंने इस दौरान उत्कृष्ट शिक्षकों का सम्मान किया और आजादी के मतवाले प्रदर्शनी का अवलोकन भी किया। इसमें राष्ट्र के लिए अपना सर्वस्व उत्सर्ग करने वाले देशभक्तों के योगदान को इसमें प्रदर्शित किया गया है। राज्यपाल ने कहा कि आजादी का इतिहास 1857 से लेकर 1947 तक करीब नब्बे साल का रहा है। इसे सभी को पढना चाहिए।



उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय मूल्यांकन और प्रत्यायन परिषद (एनएएसी) में राजस्थान केन्द्रीय विश्वविद्यालय का प्रदर्शन देखकर बहुत अच्छा अनुभव हुआ है। इसे भविष्य में भी बनाए रखने की कामना की। उन्होंने कहा कि उच्च शिक्षा में गुणवत्ता हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता होना चाहिए। किसी भी राष्ट्र के लिए वहां की उच्च शिक्षा समृद्ध सांस्कृतिक और वैज्ञानिक संपत्ति है। इससे विद्यार्थियों का व्यक्तिगत विकास ही नहीं होता बल्कि देश भी आर्थिक, तकनीकी और सामाजिक रूप में सुदृढ होता है।

उन्होंने कहा कि आज का युवा कल का राष्ट्र उपासक और संरक्षक बने। यही नीति शिक्षा देने वाले शिक्षकों की भी हो। उन्होंने कहा कि नई शिक्षा नीति के अंतर्गत भारत को फिर से विश्वगुरु बनाने में समर्थ करने वाली शिक्षा का प्रसार हमारे यहां किया जाए। इससे पहले उन्होंने केंद्रीय विश्वविद्यालय में नेशनल हाइड्रोइलैक्ट्रिक पावर कारपोरेशन लिमिटेड (एनएचपीसी) के सहयोग से 700 किलो वाट का सोलर पावर प्रोजेक्ट का लोकार्पण भी किया।

### श्री रविन्द्र गोयल, सदस्य (परिचालन एवम व्यापार विकास) रेलवे बोर्ड ने ली उत्तर पश्चिम रेलवे अधिकारियों की बैठक

# माल लदान बढाने और ट्रेनों की औसत गति बढाने के दिए निर्देश

प्रभात अभिनन्दन न्यूज

जयपुर, 5 सितम्बर (का.सं.)। श्री रविन्द्र गोयल, सदस्य (परिचालन एवम व्यापार विकास) रेलवे बोर्ड/ नई दिल्ली ने दिनांक 05.09.2024 को जयपुर का दौरा किया एवं मुख्यालय में महाप्रबन्धक श्री अमिताभ एवं अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की।



उत्तर पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी कैप्टन शशि किरण के अनुसार श्री रविन्द्र गोयल, सदस्य (परिचालन एवम व्यापार विकास) रेलवे बोर्ड/ नई दिल्ली ने दिनांक 05.09.2024 को जयपुर का एक दिवसीय दौरा किया और यातायात विभाग सहित विभागाध्यक्षों की समीक्षा बैठक ली। श्री रविन्द्र गोयल ने अधिकारियों के साथ उत्तर पश्चिम रेलवे पर चल रहे विकास कार्यों की समीक्षा की तथा कार्यों को जल्द पूरा करने के निर्देश दिए। बैठक में श्री मदन देवड़ा, प्रमुख मुख्य परिचालन प्रबंधक ने परिचालन से संबंधित कार्यों के बारे में प्रेजेंटेशन दिया। श्री नरसिंह, प्रमुख मुख्य वाणिज्य प्रबंधक ने वाणिज्य विभाग के कार्यों का प्रेजेंटेशन दिया।

श्री गोयल ने उत्तर पश्चिम रेलवे पर बचे हुए रेल खंडों पर इलेक्ट्रिक इंजन से जल्द ट्रेन संचालन के निर्देश के साथ माल लदान बढ़ाने और मालगाड़ियों की औसत गति बढ़ाने के निर्देश दिए। उन्होंने उत्तर पश्चिम रेलवे की समयपालना में प्राप्त उपलब्धियों की प्रशंसा भी की। उन्होंने सैटेलाइट स्टेशनों को टर्मिनल स्टेशन के रूप में विकसित करने के निर्देश दिए तथा वहां से गाड़ियों का संचालन आरंभ करने के सुझाव दिए। बैठक में श्री मदन देवड़ा, प्रमुख मुख्य परिचालन प्रबंधक, श्री नरसिंह प्रमुख मुख्य वाणिज्य प्रबन्धक, श्री जी. एल. गोयल प्रमुख मुख्य इंजीनियर, श्री मनीष कुमार गुप्ता प्रमुख मुख्य बिजली इंजीनियर, सुश्री गीतिका पांडे प्रमुख वित्त सलाहकार एवं मुख्य लेखाधिकारी, श्री विजय कुमार प्रमुख मुख्य यांत्रिक इंजीनियर सहित उत्तर पश्चिम रेलवे के विभागाध्यक्ष एवं अधिकारी उपस्थित थे।

## आज खोलेंगे बीसलपुर बांध के गेट, अलर्ट साइरन बजा

जयपुर, 5 सितम्बर (का.सं.)। टोंक, जयपुर और अजमेर की लाइफलाइन कहे जाने वाले बीसलपुर बांध के गेट शुक्रवार को खोले जाएंगे। इसकी आधिकारिक पुष्टि प्रशासन और बांध प्रबंधन ने कुछ देर पहले की है। इसके गेट संभवत सुबह 11 बजे तक खोले जाएंगे, लेकिन पानी की आवक ज्यादा गति से हुई तो इसके गेट जल्दी भी खोले जा सकते हैं। उधर जल संसाधन मंत्री सुरेश सिंह रावत भी शुक्रवार दोपहर 2 बजे बांध पर आएंगे और निरीक्षण करेंगे।

# मिड डे मील की खिचड़ी में मिला मरा हुआ मेंढक

### जिला शिक्षा अधिकारी ने अक्षय पात्र के मैनेजर को दिया नोटिस

चित्तौड़गढ़, 5 सितम्बर (का.सं.)। चित्तौड़गढ़ के गांव गिलुंड स्थित एक सरकारी प्राथमिक स्कूल में गुरुवार को मिड डे मिल की खिचड़ी में एक मरा हुआ मेढक मिला। यह देखते ही स्कूल स्टॉफ शॉक्ड हो गया। तुरंत अन्य चार स्कूलों में इसकी सूचना दी। वहां पर भी खिंचड़ी बांटने में रोक लगा दी। मौके पर अक्षय पात्र योजना से जुड़ा स्टॉफ भी पहुंचा और सभी कंटेनर अपने साथ लेकर गए। वहीं, सूचना मिलने पर जिला शिक्षा अधिकारी ने अक्षय पात्र के मैनेजर को नोटिस दिया गया।

कार्यवाहक संस्था प्रधान सुनीता शर्मा ने बताया कि पंचायत समिति चित्तौड़गढ़ के गिलुंड गांव महात्मा गांधी स्कूल परिसर में ही प्राथमिक स्कूल संचालित होता है। अक्षय पात्र फाउंडेशन के तहत दिन में लंच के रूप में स्टूडेंट्स को खिचड़ी भेजी गई थी। जैसे ही स्कूल में लंच पहुंचा तो मिड डे मील की खिचड़ी में मरा हुआ मेंढक दिखा। मिड डे मील प्रभारी सुनीता देवपुरा ने तुरंत इसकी जानकारी संस्था प्रधान को दी। उन्होंने भी बर्तन में खिचड़ी के साथ मरा हुआ मेंढक देखा। इस पर उन्होंने तुरंत स्कूल के बच्चों के लिए आए तीनों कंटेनर की खिचड़ी वितरित करने से मना कर दिया।

बच्चों को लंच की दी छुट्टी

सुनीता शर्मा के पास पीईईओ का भी चार्ज है। उन्होंने पीईईओ क्षेत्र में आने वाले अन्य चार स्कूल में फोन कर खिचड़ी वितरण करने से मना कर दिया। सभी स्कूल में करीब 400 बच्चे है और गिलुंड स्कूल में तीन कंटेनर आए थे। दो बड़े बच्चों के लिए और एक कंटेनर छोटे बच्चों के लिए आए थे। मौके पर अक्षय पत्र फाऊंडेशन के स्टाफ को बुलाया गया। वे लोग पहुंचे और सभी कंटेनर को वापस ले गए। ऐसे में टीचर्स ने बच्चों को लंच करने के लिए घर जाने की छुट्टी दे दी।

कमेटी करेंगी जांच

जिला शिक्षा अधिकारी प्रारंभिक राजेंद्र शर्मा ने बताया कि मौके का निरीक्षण किया है। रसोई कभी निरीक्षण किया है। मैनेजर से भी बात हुई। उसके बाद फाउंडेशन के मैनेजर को एक नोटिस जारी किया गया है। साथ ही एक जांच कमेटी का गठन किया गया है। जो कल शुक्रवार को सुबह 12 तक अपनी रिपोर्ट देंगे।

# ब्लॉक स्तरीय शिक्षक सम्मान समारोह में तीन शिक्षकों को किया गया सम्मानित



प्रभात अभिनन्दन न्यूज

चौमूं/गोविंदगढ़ 5 सितम्बर (का.सं.)। शिक्षा विभाग राजस्थान सरकार द्वारा निर्देशित ब्लॉक स्तरीय शिक्षक सम्मान 2024 कार्यक्रम राष्ट्रीय शिक्षक दिवस पर अतिरिक्त ब्लॉक प्रारंभिक शिक्षा अधिकारी कमलेश कुमार सैनी की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में सिंगोद निवासी अशोक कुमार रैगर (वरिष्ठ अध्यापक) राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय आलीसर को कक्षा वर्ग 9 से 12, सामोद प्रिंसिपल दीपेश दत्त जोशी को कक्षा वर्ग 6 से 8, रामावतार सैनी को कक्षा वर्ग 1 से 5 कैटिगरी के लिए मोमेंटो, श्रीफल, शोल ओढ़ाकर, एवं चेक भेंटकर सम्मानित किया गया। दीपेश दत्त की अनुपस्थिति में पुरस्कार विद्यालय स्टाफ माणक लाल ने प्राप्त किया। इन शिक्षकों ने सत्र पर्यंत विद्यालय विकास एवं शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य किये।ए सी बी ई ओ कमलेश कुमार सैनी ने पुरस्कार व पुरस्कार की आवेदन प्रक्रिया के बारे में विस्तृत जानकारी दी। कार्यक्रम के दौरान श्रीमाधोपुर प्रिंसिपल राजेश कुमार अंकुर, आर पी लालचंद यादव, रमाकांत शर्मा, निर्विकार शर्मा ,रोहिताश ददरवाल, चौथमल कुमावत, बजरंगलाल कुमावत, सुरेंद्र शर्मा, मनीष कुमार पिंगोलिया, सीताराम शर्मा, फूलचंद रेगर, वाइस प्रिंसिपल सूरज नारायण रेगर, प्रभात जैन, शंकरलाल बुनकर, अनिल कुमार जैन, आर पी मनोज मीणा ,रवि कुमार यादव, आशीष मुरारका ,गणपत मीणा, प्रभादेवी, कैलाश चंद्र बुनकर सहित अनेक शिक्षक मौजूद थे।


**VASTU HOUSING FINANCE**

**वास्तु हाउसिंग फाइनेंस कॉर्पोरेशन लिमिटेड**
यूनिट 203 और 204, दूसरी मंजिल, ''ए'' विंग, नवभारत एस्टेट, जकारिया बंदर रोड, सिवड़ी (पश्चिम), मुंबई 400015 महाराष्ट्र,
CIN No.: U65922MH2005PLC272501

**कब्जे की सूचना (अचल संपत्ति के लिए)**

जबकि, अधोहस्ताक्षरी वित्तीय संपत्तियों के प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण और सुरक्षा हित के प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के तहत **वास्तु हाउसिंग फाइनेंस कॉर्पोरेशन लिमिटेड** के अधिकृत अधिकारी होने के नाते और धारा 13(12) के तहत उन्हें प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए नियम 9 के साथ पठित हैं। सुरक्षा ब्याज (प्रवर्तन) नियम 2002, ने दिनांक **18-09-2023** को एक डिमांड नोटिस जारी किया, जिसमें उधारकर्ता **श्री/श्रीमती लक्ष्मीनारायण जाट (आवेदक), श्री/श्रीमती सरोज चौधरी (सह-आवेदक),** को खाता संख्या **LP**0000000040941 के ऋण वाले डिमांड नोटिस में उल्लेखित राशि को चुकाने के लिए **रुपये 1377124/- (तेरह लाख सतहत्तर हज़ार एक सौ चौबीस रुपये मात्र) 14/09/2023** तक उक्त नोटिस की प्राप्ति की तारीख से 60 दिनों के भीतर।
उधारकर्ता राशि चुकाने में विफल रहे हैं, इसके द्वारा उधारकर्ता, गारंटर और आम जनता को नोटिस दिया जाता है कि अधोहस्ताक्षरी ने धारा 13(4) के तहत मुझे प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए नीचे वर्णित संपत्ति का भौतिक कब्जा ले लिया है। उक्त अधिनियम इस **31/08/2024** को उक्त नियमों के नियम 9 के साथ पढ़ा गया।
विशेष रूप से उधारकर्ता और गारंटर और आम तौर पर जनता को संपत्ति के साथ सौदा नहीं करने के लिए चेतावनी दी जाती है और संपत्ति के साथ कोई भी लेनदेन **वास्तु हाउसिंग फाइनेंस कॉरपोरेशन लिमिटेड (जयपुर शाखा)** के प्रभार के अधीन **रुपये 1377124/- (तेरह लाख सतहत्तर हज़ार एक सौ चौबीस रुपये मात्र)** और उस पर ब्याज, लागत आदि होगा।

**अचल संपत्ति का विवरण**

आबादी भूखंड पट्टा संख्या 598 ग्राम पंचायत भट्टो की गली पंचायत समिति आमेर जयपुर राजस्थान-303701, माप 275 वर्ग गज

दिनांक : 06.09.2024 — अधिकृत अधिकारी
स्थान : जयपुर — वास्तु हाउसिंग फाइनेंस कॉर्पोरेशन लिमिटेड


## राहुल बोले- कांग्रेस जाति जनगणना कराकर रहेगी



मुंबई, 5 सितम्बर (का.सं.)। कांग्रेस सांसद राहुल गांधी और पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने महाराष्ट्र के सांगली में जनसभा की। राहुल ने जाति जनगणना और शिवाजी मूर्ति गिरने के विवाद पर PM मोदी के माफी मांगने पर निशाना साधा। उन्होंने कहा, कांग्रेस जाति जनगणना कराकर रहेगी। प्रधानमंत्री और BJP शिवाजी महाराज के साथ पूरे महाराष्ट्र के अपराधी हैं। उन्हें महाराष्ट्र के हर व्यक्ति से अपने व्यवहार और भ्रष्टाचार के लिए माफी मांगनी चाहिए। सांगली में जनसभा से पहले राहुल गांधी ने महाराष्ट्र के सांगली में पूर्व राज्य मंत्री दिवंगत पतंगराव कदम की प्रतिमा का अनावरण किया।

**PM मोदी ने प्रतिमा गिरने पर माफी मांगी थी**

27 अगस्त को पालघर में मोदी ने एक प्रोग्राम में सिंधुदुर्ग में शिवाजी की प्रतिमा गिरने पर माफी मांगी थी। उन्होंने कहा था, हमारे लिए छत्रपति शिवाजी महाराज सिर्फ एक महाराजा नहीं हैं। हमारे लिए वे पूजनीय हैं। आज मैं छत्रपति शिवाजी महाराज के सामने नतमस्तक हूं और उनसे क्षमा मांगता हूं।

## फिल्म सन ऑफ शेखावाटी के पोस्टर का लोकार्पण दिलीप सेन करेंगे

प्रभात अभिनन्दन न्यूज

चूरू, 5 सितम्बर (का.सं.)। विनायका फिल्म्स एंड टेलीविजन और चंद्र फिल्म्स प्रोडक्शन के बैनर तले बनी राजस्थानी फीचर फिल्म सन ऑफ शेखावाटी के पहले पोस्टर का लोकार्पण संगीतकार दिलीप सेन द्वारा सुजानगढ़ के तोदी भवन में 6 सितंबर को शाम 6 बजे समारोहपूर्वक किया जाएगा। निर्माता पवन तोदी ने बताया कि पोस्टर लॉन्चिंग के मौके पर दिलीप सेन के साथ प्रशासनिक अधिकारी, साहित्यकार, फिल्म के कलाकार और गणमान्य लोग मौजूद रहेंगे। निर्माता पवन तोदी एवं राजेंद्र सिंह शेखावत के संयुक्त तत्वावधान में बनी फिल्म सन ऑफ शेखावाटी में अमरजीत सिंह, पूनम लबाना, शिव सिंह चौहान, नेंसी, सुमन शर्मा, पवन तोदी, सुशील कुमार जोशी, अफजल हसन गोरी, सरोज बरोड, सर्जना पारीक, अन्नू पूनिया, राज रावल आदि ने मुख्य भूमिका निभाई है। फिल्म के निर्देशक राजेन्द्र सिंह शेखावत ने बताया कि गीत गिरीश भार्गव ने लिखे हैं। संगीत राजेंद्र शरनोत और शंकर महेश्वरी का है।

# विद्याग्राम में हर्षोल्लास से मनाया गया शिक्षक दिवस



प्रभात अभिनन्दन न्यूज

चौमूं, 5 सितम्बर (का.सं.)। विद्याग्राम इंटरनेशनल स्कूल में शिक्षक दिवस बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने शिक्षकों का रोल अदा कर उनकी जिम्मेदारियों और कार्यों को बखूबी निभाया। कार्यक्रम के दौरान कई मनोरंजक खेलों का आयोजन किया गया, जिनमें म्यूजिकल चेयर और मिमिक्री विशेष आकर्षण का केंद्र रहे।

छात्र-छात्राओं द्वारा शिक्षकों का सम्मान बड़े उत्साह के साथ किया गया। इस अवसर पर शिक्षकों ने भी विद्यार्थियों को प्रेरक शब्दों से संबोधित किया और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम की शोभा बढ़ाने के लिए विद्यालय के निदेशक श्री वीरेन्द्र सिंह, प्रधानाध्यापिका डॉ. प्रियंका चौधरी, चेयरमैन श्री निहाल सिंह, और उपप्रधानाध्यापक श्री ताराचंद शर्मा ने अपने विचार व्यक्त किए। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षक, जिनमें सुभाष गर्ग, पिंकी जैन, धीरेंद्र महरिया, विनोद सोनी, चेतन आत्रेय सहित समस्त शिक्षक गण उपस्थित रहे। कार्यक्रम ने विद्यार्थियों और शिक्षकों के बीच के संबंधों को और भी मजबूत किया तथा सभी ने इस दिन को आनंदपूर्वक मनाया।


**एल&टी फाइनान्स लिमिटेड**
(पहले एल&टी फाइनान्स होल्डिंग्स लिमिटेड के रूप में ज्ञात)
**पंजीकृत कार्यालय:** एल&टी फाइनान्स लिमिटेड, बृंदावन बिल्डिंग, प्लॉट नं. 177, कलीना, सीएसटी रोड, मर्सडीज़ शोरूम के पास, सांताक्रुज़ (पूर्व), मुंबई 400 098
**सीआईएन नं.:** L67120MH2008PLC181833
**शाखा कार्यालय:** जयपुर

L&T Finance

**गिरवी संपत्ति की बिक्री के लिए सार्वजनिक नीलामी**

वित्तीय संपत्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण एवं प्रतिभूति हित का प्रभावीकरण अधिनियम, 2002 (2002 का 54) के अंतर्गत एल&टी फाइनान्स लिमिटेड के अधिकृत अधिकारी द्वारा एवं उक्त अधिनियम के अंतर्गत प्रदत्त अधिकारों के प्रयोगांतर्गत अपनी बकाया राशियों एवं आगामी ब्याज, प्रभारों, शुल्कों एवं व्ययों आदि की वसूली हेतु **''सार्वजनिक निलामी''** के माध्यम से **''जहाँ है''** और **''जैसी स्थिति में है''** आधार पर निम्नांकित संपत्ति की नीलामी की जा रही है.

| कर्जदार और सह-कर्जदार का नाम | सिक्योर्ड प्रॉपर्टी का पता | लोन अकाउंट नंबर | लिया गया भौतिक कब्जा | अर्नेस्ट मनी डिपॉजिट आरपी का 10% या अधिक (₹ में) | 24.09.2024 के अनुसार कुल बकाया राशि (₹ में) | आरक्षित मूल्य (₹ में) | निरीक्षण का दिनांक | नीलामी का दिनांक और समय |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. विनीत कुमार विजयवर्गीय 2. गीता देवी 3. श्री लक्ष्मी मैचिंग सेंटर (इसके मालिक विनीत कुमार विजयवर्गीय के माध्यम से) | संपत्ति का पूरा हिस्सा और खंड पता: फ्लैट नंबर एफ-1, क्षेत्रफल 843.75 वर्ग फीट कारपेट एरिया, पहली मंज़िल, प्लॉट नंबर 82, दुर्गा विहार डी, निवारू रोड, जयपुर, राजस्थान, 302013 संपूर्ण भूमि की सीमाएँ: पूर्व – प्लॉट नंबर 78; पश्चिम – सड़क; उत्तर – प्लॉट नंबर 83; दक्षिण – प्लॉट नंबर 81 | H175001801211212 11, H175001801210119 39, H175002101210350 22 | 12 जून 2024 | ₹1,32,890.6/- | ₹ 24,16,414.53/- | ₹ 13,28,906/- | सभी कार्य दिवसों पर सुबह 10.00 बजे से शाम 5.30 बजे तक पूर्व अपॉइंटमेंट के साथ | 30/09/2024 दोपहर 12.00 बजे से 2.00 |

**सार्वजनिक निलामी के नियम व शर्तें**

1. एसएआरएफएईएसआई कानून के प्रावधानों के अंतर्गत सार्वजनिक ई-नीलामी मोड की सहायता से और के ज़रिए ई-नीलामी बिक्री वेबसाइट https://sarfaesi.auctiontiger.net/EPROC/ के माध्यम से अधिकृत अधिकारी द्वारा ऑनलाइन संचालित की जा रही है.
2. यह सार्वजनिक ई-नीलामी उपरोक्त तिथि एवं समय पर संचालित की जाएगी, जब उपरोक्त सुरक्षित संपत्ति **''जहाँ है'' और ''जैसी स्थिति में है'' आधार पर बेची जाएगी.**
3. इस सार्वजनिक ई-नीलामी में भाग लेने के लिए, इसकी मंशा रखने वाले क्रेताओं/बोलीकर्ताओं को 29/09/2024 को या उससे पहले पेनकार्ड, कंपनी होने की स्थिति में मंडल संकल्पों और पते के प्रमाण की प्रतियों के साथ इन सुरक्षित संपत्तियों के आरक्षित मूल्य के 10% की वापसी योग्य बयाना धनराशि जमा के भुगतान के विवरण जमा करने होंगे.
4. इस सार्वजनिक ई-नीलामी में सफल न होने वाले अन्य सभी बोलीकर्ताओं की ईएमडी को सार्वजनिक ई-नीलामी के समापन के 7 दिन के भीतर एलटीएफ द्वारा वापस कर दिया जाएगा. इस ईएमडी पर कोई ब्याज देय नहीं होगा.
5. सफल क्रेता/बोलीकर्ता द्वारा उसके प्रस्ताव का 25% (ईएमडी सहित) भाग 30/09/2024 को यानी ई-नीलामी के दिन शाम 18.00 बजे या उससे पहले या उसके अगले कार्यदिवस यानी 30/09/2024 को जयपुर में देय ''एल&टी फाइनान्स लिमिटेड'' के पक्ष में डीडी/पीओ के माध्यम से जमा करवाया जाएगा, जिस जमा की पुष्टि एल&टी फाइनान्स लिमिटेड द्वारा की जानी चाहिए, जिसमें असफल रहने पर विक्रय को असफल माना जाएगा और उक्त सफल बोलीकर्ता की ईएमडी को जब्त कर लिया जाएगा. शेष राशि यानी क्रय राशि का 75% भाग क्रेता द्वारा एल&टी फाइनान्स लिमिटेड को अचल संपत्ति के विक्रय की पुष्टि होने के पंद्रह दिन या उससे पहले या कानून के प्रावधानों के अनुसार ऐसी विस्तारित अवधि में देय होगा.
6. संपत्ति के निरीक्षण या अधिक जानकारी के लिए, प्रत्याशित बोलीकर्ता अधिकृत अधिकारी, यानी **''नाम - प्रदीप सिनसिनवार, संपर्क नं. 7877012577, और संतोष तिवारी, संपर्क नं. 9920490126, एल&टी फाइनान्स लिमिटेड, ऑफिस: 6ठीं मंजिल, बृंदावन बिल्डिंग, प्लॉट नं. 177, कलीना सीएसटी रोड, मर्सिडीज़ शोरूम के पास, सांताक्रूज़ (पूर्व), मुंबई-400098''** ई-नीलामी की किसी भी अवस्था में, अधिकृत अधिकारी द्वारा कोई कारण बताए बिना या इसकी कोई पूर्व सूचना दिए बिना ई-नीलामी को स्थगित किया जा सकता है या बोली/प्रस्ताव को स्वीकार/अस्वीकार/परिवर्तित/निरस्त किया जा सकता है.
7. सफल क्रेता/बोलीकर्ता को ऐसे कोई भी वैधानिक शुल्क, कर, देय प्रभार, स्टाम्प शुल्क, पंजीकरण शुल्क आदि वहन करना होगा, जो लागू कानूनों के अनुसार संपत्ति को उसके पक्ष में सौंपने/प्रदान करने के लिए भुगतान करने की आवश्यकता हो.
8. ऋणी/गारंटर, जो उक्त बकाया राशियों के लिए देनदार हैं, द्वारा उपरोक्त सार्वजनिक ई-नीलामी विक्रय के धारण के बारे में प्रतिभूति हित (प्रभावीकरण) नियम के नियम 8 (6) के अंतर्गत एक सूचना के रूप में इस विक्रय सूचना को लिया जाएगा.
9. कर्जदार/सहकर्जदार/गारंटर/मॉर्टगेजर को एतद्द्वारा उक्त ई-नीलामी दिनांक से पहले ऊपर वर्णित विवरणों के अनुसार संपूर्ण बकाया लोन राशि अदा करने का आवाहन किया जाता है जिसमें विफल रहने पर एल&टी फाइनान्स लिमिटेड एसएआरएफएईएसआई में दिए गए प्रावधानों के अनुसार संपत्ति को बेच देगी.
10. कर्जदार/सहकर्जदार/गारंटर/मॉर्टगेजर और जन सामान्य को एतद्द्वारा एल&टी फाइनान्स लिमिटेड की लिखित रूप में पूर्व सहमति के बिना सूचना में संदर्भित सिक्योर्ड संपत्तियों को बिक्री, पट्टे या अन्यथा किसी तरीके से अंतरित करने से निषिद्ध किया जा रहा है.

कृते/-
**प्राधिकृत अधिकारी**
एल&टी फाइनान्स लिमिटेड के लिए

**दिनांक:** 06.09.2024
**स्थान:** जयपुर



**सार्वजनिक नोटिस**

ICICI Home Finance
**पंजीकृत कार्यालय:** आईसीआईसीआई बैंक टावर्स, बांद्रा-कुला कॉम्प्लेक्स, बांद्रा (पूर्व), मुंबई- 400051
**कॉर्पोरेट कार्यालय:** आईसीआईसीआई एचएफसी टावर, जेबी नगर, अंधेरी कुरिया रोड, अंधेरी ईस्ट, मुंबई-400059
**शाखा का पता:** पहली मंजिल, जी.के. टावर, प्लॉट नंबर 14, सार्दुल कॉलोनी, अंबेडकर सर्कल, बीकानेर-334001
**शाखा का पता:** दूसरी मंजिल, राजवंश निसान बिल्डिंग, पटेल स्टेडियम के सामने, बजरंग पेट्रोल पंप के पास, जयपुर रोड, अजमेर-305001
**शाखा का पता:** सिटी कॉर्पोरेट, प्लॉट नंबर डी3, दुकान नंबर 103 से 106, मालवीय मार्ग, सी-स्कीम, जयपुर, राजस्थान-302001
**शाखा का पता:** प्लॉट नंबर ए-52/1, अशोक नगर-III योजना, खसरा नंबर 1477, जिला दौसा, राजस्थान- 303303
**शाखा का पता:** प्लॉट नंबर 1, पहली मंजिल, सहयोग भवन, एरोड्रम सर्कल, कोटा- 324007
**शाखा का पता:** एस-32, जेडीए मार्केट, गोपालपुरा, मानसरोवर लिंक रोड, रिधि सिद्धि स्वीट्स के पास, जयपुर- 302018

निम्नलिखित उधारकर्ताओं ने आईसीआईसीआई होम फाइनेंस कंपनी लिमिटेड (''आईसीआईसीआई एचएफसी'') से प्राप्त ऋण सुविधा के मूलधन और ब्याज के पुनर्भुगतान में चूक की है और ऋण को गैर-निष्पादित परिसंपत्ति (एनपीए) के रूप में वर्गीकृत किया गया है। उन्हें उनके अंतिम ज्ञात पते पर वित्तीय परिसंपत्तियों के प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण और सुरक्षा हित प्रवर्तन अधिनियम-2002 की धारा 13(2) के तहत एक नोटिस जारी किया गया था, हालांकि इसे तामील नहीं किया गया था और इसलिए उन्हें इस सार्वजनिक सूचना के माध्यम से सूचित किया जाता है।

| क्र. सं. | उधारकर्ता / सह-उधारकर्ता/गारंटर/का नाम (ऋण खाता संख्या) एवं पता | सुरक्षित संपत्ति का का पता / लागू की जाने वाली संपत्ति | नोटिस भेजने की तारीख/नोटिस की तारीख पर बकाया | एनपीए तारीख |
|---|---|---|---|---|
| 1. | कैलाश सरन (उधारकर्ता), इंद्र (सह-उधारकर्ता), पारीकों की पोल के पास झाड़ीसरा नागौर राजस्थान-341001. **LHNGR**00001415099 | ना पट्टा नंबर 78 डब्ल्यू नंबर 06 पारिको की पोल गांव झाड़ीसरा नागौर ना नागौर राजस्थान-341001. सीमाएं से घिरा हुआ- उत्तर: आवेदक की स्वयं की भूमि, दक्षिण: रास्ता, पूर्व: आवेदक की स्वयं की भूमि और रास्ता, पश्चिम: श्री सुखा राम की भूमि। | 14-08-2024 रु. 4,02,064.22/- | 03/08/2024 |
| 2. | डेविड सुनार (उधारकर्ता), सरू सुनार (सह-उधारकर्ता), ई 15 मजदुर नगर गुरुद्वारा अजमेर रोड जयपुर जयपुर राजस्थान- 302006. **LHJA**100001421308 | फ्लैट नंबर - ई-सीएन/47, ब्लॉक नंबर - सी, पांचवीं मंजिल, एबीपी अफोर्डेबल हाउसिंग द्वारा वसुंधरा कुटुंब, बिलवा कलां, चोखी ढाणी के पास, टोंक रोड, जयपुर, राजस्थान-303905। सीमाएं से घिरा हुआ- उत्तर: खुला स्थान, दक्षिण: मार्ग, पूर्व: फ्लैट नंबर ई-सी/वी/46, पश्चिम: लिफ्ट। | 14-08-2024 रु. 4,23,848.22/- | 03/08/2024 |
| 3. | मुकेश शर्मा (उधारकर्ता), मीना शर्मा (सह-उधारकर्ता), 3 अशोक विहार, विस्तार गोपालपुरा बाय पास जयपुर, जयपुर जयपुर राजस्थान- 302015. **LHJDC**00001379612 | फ्लैट नंबर एल-बी/2/29, ब्लॉक बी, दूसरी मंजिल, मनोरमा हाइट्स, रामपुरा रोड, पत्रकार कॉलोनी, खसरा नंबर 126, 127/1, 128, 129, 131 ग्राम नरोतमपुरा तहसील- सांगानेर, जयपुर, राजस्थान-303902. सीमाएं से घिरा हुआ- उत्तर: साइट के अनुसार, दक्षिण: साइट के अनुसार, पूर्व: साइट के अनुसार, पश्चिम: साइट के अनुसार। | 16-08-2024 रु. 3,87,616.72/- | 03/08/2024 |
| 4. | मुकेश शर्मा (उधारकर्ता), मीना शर्मा (सह-उधारकर्ता), 3 अशोक विहार, विस्तार गोपालपुरा बाय पास विस्तार गोपालपुरा बाई पास जयपुर, राजस्थान- 302015. **LHJDC**00001390814 | फ्लैट नंबर एल-बी/2/29, ब्लॉक बी, दूसरी मंजिल, मनोरमा हाइट्स, रामपुरा रोड, पत्रकार कॉलोनी, खसरा नंबर 126, 127/1, 128, 129, 131 ग्राम नरोतमपुरा, तहसील- सांगानेर, जयपुर, राजस्थान- 303902. सीमाएं से घिरा हुआ- उत्तर: साइट के अनुसार, दक्षिण: साइट के अनुसार, पूर्व: साइट के अनुसार, पश्चिम: साइट के अनुसार। | 16-08-2024 रु. 40,554.7/- | 03/08/2024 |
| 5. | रमेश चंद (उधारकर्ता), रोहित राठौड़ (सह-उधारकर्ता), मंजू (सह-उधारकर्ता), तेलियान का मौहल्ला डाबी बूंदी डाबी बूंदी राजस्थान- 323022. **LHKOT**00001454590 | खसरा नंबर 568, पट्टा नंबर 11368, तेलियान का मौहल्ला, ग्राम पंचायत डाबी, तलेरा, बूंदी राजस्थान-323022. सीमाएं से घिरा हुआ- उत्तर: सड़क, दक्षिण: कैलाश/मांगीलाल मेघवाल का मकान, पूर्व: सड़क, पश्चिम: प्रकाश/गोपाल का मकान। | 16-08-2024 रु. 7,85,100.1/- | 03/08/2024 |
| 6. | रमेश चंद (उधारकर्ता), रोहित राठौड़ (सह- उधारकर्ता), मंजू (सह-उधारकर्ता), तेलियान का मौहल्ला डाबी बूंदी डाबी बूंदी बूंदी राजस्थान-323022. **LHKOT**00001454671 | खसरा नंबर 568, पट्टा नंबर 11368, तेलियान का मौहल्ला, ग्राम पंचायत डाबी, तलेरा, बूंदी राजस्थान-323022. सीमाएं से घिरा हुआ- उत्तर: सड़क, दक्षिण: कैलाश/मांगीलाल मेघवाल का मकान, पूर्व: सड़क, पश्चिम: प्रकाश/गोपाल का मकान। | 16-08-2024 रु. 41,336.24/- | 03/08/2024 |
| 7. | प्रेम प्रकाश गवरिया (उधारकर्ता), संतोष चौधरी (सह-उधारकर्ता), ग्राम, जसराना जसराना कुचामन सिटी, कुचामन सिटी कुचामन सिटी राजस्थान- 341508. **LHAJM**00001393820 | पट्टा संख्या 1070, खसरा संख्या 790/15, मकराना नगर पालिका, मकराना राजस्थान-341505. सीमाएं से घिरा हुआ- उत्तर: 12 फीट रोड, दक्षिण: श्री हीरा लाल माली, पूर्व सुरजा राम जाट, पश्चिम: 20 फीट रोड। | 16-08-2024 रु. 15,59,322.7/- | 03/08/2024 |
| 8. | प्रेम प्रकाश गावरिया (उधारकर्ता), संतोष चौधरी (सह-उधारकर्ता), ग्राम जसराना कुचामन सिटी राजस्थान-341508. **LHAJM**00001393823 | पट्टा संख्या 1070, खसरा संख्या 790/15, मकराना नगर पालिका, मकराना राजस्थान-341505. सीमाएं से घिरा हुआ- उत्तर: 12 फीट रोड, दक्षिण: श्री हीरा लाल माली, पूर्व सुरजा राम जाट, पश्चिम: 20 फीट रोड। | 16-08-2024 रु. 39,873.8/- | 03/08/2024 |
| 9. | कुलदीप यादव (उधारकर्ता), चरणा देवी (सह-उधारकर्ता), रेखा (सहउधारकर्ता), प्लॉट नंबर 75 खवास जी केएस बाग दुर्गापुरा टोंक रोड जयपुर राजस्थान- 302018. **LHJA**100001460496 | फ्लैट नंबर एस-2, दूसरी मंजिल, जगदंबा अपार्टमेंट, प्लॉट नंबर 493, स्वामी विहार गांव, मुहाना मंडी के पास, सांगानेर, हाजियावाला, जयपुर राजस्थान- 302001. सीमाएं से घिरा हुआ- उत्तर: प्लॉट नंबर 492, दक्षिण: प्लॉट नंबर 494, पूर्व: सड़क 12 मीटर चौड़ी, पश्चिम: सड़क 48 मीटर चौड़ी। | 16-08-2024 रु. 63,805.66/- | 03/08/2024 |
| 10. | कुलदीप यादव (उधारकर्ता), चरणा देवी (सह-उधारकर्ता), रेखा (सह-उधारकर्ता), खवास जी का बाग दुर्गापुरा टोंक रोड जयपुर राजस्थान-302018. **LHJAI**00001460557 | फ्लैट नंबर एस-2, दूसरी मंजिल, जगदंबा अपार्टमेंट, प्लॉट नंबर 493, स्वामी विहार गांव, मुहाना मंडी के पास, सांगानेर, हाजियावाला, जयपुर राजस्थान- 302001. सीमाएं से घिरा हुआ- उत्तर: प्लॉट नंबर 492, दक्षिण: प्लॉट नंबर 494, पूर्व: सड़क 12 मीटर चौड़ी, पश्चिम: सड़क 48 मीटर चौड़ी। | 16-08-2024 रु. 12,56,157.18/- | 03/08/2024 |
| 11. | कुलदीप सुमन (उधारकर्ता), खुशबू सुमन (सह-उधारकर्ता), वार्ड नंबर 14 लालपुरा मोहल्ला सारोला कलां झालावाड़ राजस्थान-326035. **LHKOT**00001484400 | प्लॉट/मकान, पट्टा संख्या **Jwr**-75826, ग्राम पंचायत सारोला कलां, पंचायत समिति खानपुर, तहसील खानपुर, झालावाड़ राजस्थान- 326035. सीमाएं से घिरा हुआ- उत्तर: स्वयं का बाड़ा, दक्षिण: सड़क, पूर्व: स्वयं का बाड़ा, पश्चिम: सड़क। | 16-08-2024 रु. 14,24,142.46/- | 03/08/2024 |
| 12. | कुलदीप सुमन (उधारकर्ता), खुशबू सुमन (सह-उधारकर्ता), वार्ड नंबर 14 लालपुरा मोहल्ला सारोला कलां झालावाड़ राजस्थान-326035. **LHKOT**00001484401 | प्लॉट/मकान, पट्टा संख्या **Jwr**-75826, ग्राम पंचायत सारोला कलां, पंचायत समिति खानपुर, तहसील खानपुर, झालावाड़ राजस्थान- 326035. सीमाएं से घिरा हुआ- उत्तर: स्वयं का बाड़ा, दक्षिण: सड़क, पूर्व: स्वयं का बाड़ा, पश्चिम: सड़क। | 16-08-2024 रु. 54,360.74/- | 03/08/2024 |
| 13. | कपिल थरवन (उधारकर्ता), मधु (सह-उधारकर्ता), बी-18 गोविंदपुरी, जयपुरी गोविंदपुरी जयपुर, जयपुर जयपुर राजस्थान- 302006. **LHJDC**00001348873 | 11वीं मंजिल पर फ्लैट नंबर 1109, बोनी ड्रीम्स, खसरा नंबर 115/1, अर्बाना ज्वेल्स के पास, मुहाना मंडी, अदरामपुरा, तहसील सांगानेर, जयपुर राजस्थान- 303902. सीमाएं से घिरा हुआ- उत्तर: साइट के अनुसार, दक्षिण: साइट के अनुसार, पूर्व: साइट के अनुसार, पश्चिम: साइट के अनुसार। | 16-08-2024 रु. 2,58,936.68/- | 27/02/2023 |
| 14. | कपिल थरवन (उधारकर्ता), मधु (सह-उधारकर्ता), बी-18 गोविंदपुरी, राकड़ी सोडाला जयपुर जयपुर, जयपुर जयपुर राजस्थान- 302006. **LHJDC**00001349161 | 11वीं मंजिल पर फ्लैट नंबर 1109, बोनी ड्रीम्स, खसरा नंबर 115/1, अर्बाना ज्वेल्स के पास, मुहाना मंडी, अदरामपुरा, तहसील सांगानेर, जयपुर राजस्थान- 303902. सीमाएं से घिरा हुआ- उत्तर: साइट के अनुसार, दक्षिण: साइट के अनुसार, पूर्व: साइट के अनुसार, पश्चिम: साइट के अनुसार। | 16-08-2024 रु. 29,380/- | 27/02/2023 |
| 15. | महेंद्र सैनी (उधारकर्ता), सीमा (सह-उधारकर्ता), 983 सुभाष चौक नारायणा जयपुर जयपुर राजस्थान- 303348. **LHJAI**00001520594 | फ्लैट नंबर 402, तीसरी मंजिल, प्लॉट नंबर बी-9, श्री विनायक रेजीडेंसी मोहित कॉलेज बदरवास अजमेर रोड जयपुर राजस्थान -302006 में. सीमाएं से घिरा हुआ- उत्तर: सड़क 40 फीट चौड़ी, दक्षिण: प्लॉट नंबर 6-14 और बी-15, पूर्व: प्लॉट नंबर बी-10, पश्चिम: प्लॉट नंबर बी-8. | 21-08-2024 रु. 28,53,969.34/- | 08/08/2024 |
| 16. | मूलाराम उधारकर्ता), सुमन (सह-उधारकर्ता), वार्ड नंबर 08 पांचू पांचू बीकानेर नोखा नोखा राजस्थान- 334803. **LHBKR**00001476076 | प्लॉट नंबर सी-172 द्वारका हाउसिंग कॉलोनी, गोविंद नगर रोड, नगर पालिका नोखा, बीकानेर राजस्थान-334804. सीमाएं से घिरा हुआ- उत्तर: प्लॉट नंबर-173, दक्षिण: प्लॉट नंबर-171, पूर्व: सड़क, पश्चिम: प्लॉट नंबर-153. | 21-08-2024 रु. 16,53,998.18/- | 08/08/2024 |
| 17. | मूलाराम (उधारकर्ता), सुमन (सह-उधारकर्ता), वार्ड नंबर 08 पांचू पांचू बीकानेर नोखा नोखा राजस्थान- 334803. **LHBKR**00001476175 | प्लॉट नंबर सी-172 द्वारका हाउसिंग कॉलोनी, गोविंद नगर रोड, नगर पालिका नोखा, बीकानेर राजस्थान-334804. सीमाएं से घिरा हुआ- उत्तर: प्लॉट नंबर: 173, दक्षिण: प्लॉट नंबर-171, पूर्व: रोड, पश्चिम: प्लॉट नंबर-153. | 21-08-2024 रु. 60,483.68/- | 08/08/2024 |
| 18. | मनीष कुमार प्रजापत (उधारकर्ता), मीनू प्रजापत (सह-उधारकर्ता), रमेश्वर कुम्हार (सह-उधारकर्ता), उदयपुरा सिकराय दौसा राजस्थान-303509. **LHDAU**00001531833 | ना पट्टा नंबर 34 मिसल नंबर 53 संकल्प नंबर 17 ग्राम पंचायत उदयपुरा पंचायत समिति सिकराया दौसा दौसा ना दौसा राजस्थान-303313. सीमाएं से घिरा हुआ- उत्तर: स्वयं चौक आम रास्ता, दक्षिण: मूलचंद की भूमि, पूर्व: हनीमोहन का भूखंड, पश्चिम: सुरेश प्रजापत का घर. | 21-08-2024 रु. 45,530.58/- | 08/08/2024 |
| 19. | मनीष कुमार प्रजापत (उधारकर्ता), रमेश्वर कुम्हार (सह-उधारकर्ता), मीनू प्रजापत (सह-उधारकर्ता), उदयपुरा सिकराय दौसा राजस्थान-303509. **LHDAU**00001532500 | ना पट्टा नंबर 34 मिसल नंबर 53 संकल्प नंबर 17 ग्राम पंचायत उदयपुरा पंचायत समिति सिकराया दौसा दौसा ना दौसा राजस्थान-303313. सीमाएं से घिरा हुआ- उत्तर: स्वयं चौक आम रास्ता, दक्षिण: मूलचंद की भूमि, पूर्व: हनीमोहन का भूखंड, पश्चिम: सुरेश प्रजापत का घर. | 21-08-2024 रु. 11,58,315.62/- | 08/08/2024 |

नोटिस की प्रतिस्थापित सेवा के लिए कदम उठाए जा रहे हैं। उपरोक्त उधारकर्ताओं और/या उनके गारंटरों (जैसा लागू हो) को सलाह दी जाती है कि वे इस नोटिस के प्रकाशन की तारीख से 60 दिनों की अवधि के भीतर बकाया भुगतान करें अन्यथा प्रतिभूतिकरण और वित्तीय परिसंपत्तियों का निर्माण और सुरक्षा हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 पुन: प्रावधानों के अनुसार आगे कदम उठाए जाएंगे।

**दिनांक: 06 सितम्बर 2024, स्थान: नागौर, जयपुर, बूंदी, मकराना, झालावाड़, बीकानेर, दौसा** — **प्राधिकृत अधिकारी, आईसीआईसीआई होम फाइनेंस कंपनी लिमिटेड**


स्वत्वाधिकारी स्वामी, प्रकाशक व मुद्रक युवराज सिंह के लिए सोनू वेब ऑफसेट, नींदड़ मोड़ के सामने, हरमाड़ा-सीकर रोड, जयपुर से मुद्रित व प्रकाशित किया जाता है। सम्पादक युवराज सिंह, पत्रों में लेखकों द्वारा व्यक्त किये गये विचारों से सम्पादक एवं प्रकाशक की सहमति अनिवार्य नहीं है। न्यायालय सम्बन्धी सभी मामले जयपुर में निपटाये जायेगें। प्रकाशक की लिखित अनुमति के बिना पूर्णतः व आंशिक व पूर्ण प्रकाशन पूर्णतः प्रतिबन्धित है। सम्पादक-युवराज सिंह मोबाईल नम्बर : 9829410051 ई-मेलः yuvrajsinghh@gmail.com पोस्टल रजिस्ट्रेशन नम्बर RJ/JPC/D-009/2006-08